# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली



# शिक्षण अधिगम केन्द्र

## पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना

### शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

### चरण-V, कार्यक्रम सं. - 01

### त्रिदिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला

# वीडियो विकास एवं सम्पादन

**19 से 21 मई, 2021**

## परिचय:

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के शिक्षण अधिगम केन्द्र की स्थापना **शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार** की **पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना** (PMMMNMTT) के पाठ्यचर्या एवं शिक्षणशास्त्र हेतु उत्कृष्टता केन्द्र के घटक के अन्तर्गत हुई है। यह योजना शिक्षा के सभी स्तरों में गुणात्मक सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य भाषा शिक्षा विशेषकर संस्कृत से जुड़े अध्यापक एवं अध्यापक शिक्षको में शिक्षण एवं अधिगम प्रणालियों के अभिकल्पन, विकास, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन हेतु कौशल एवं कुशलताओं का विकास करना है। **भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र को उच्च शिक्षा के नवनियुक्त अध्यापकों हेतु एक मासिक अनिवार्य संकाय अनुबोधन कार्यक्रम (FIP) के संचालन हेतु जारी 30 नये केन्द्रों की सूची में चिह्नित किया गया तथा उसे संस्कृत विषय में SWAYAM मंच के माध्यम से Annual Refresher Program in Teaching (ARPIT – 2018, 2019 व 2020 कोर्स) के निर्माण हेतु राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र (NRC) के रूप में भी अधिसूचित किया गया। इसके साथ केन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर संस्कृत शिक्षण हेतु दो संदर्शिकाओ का प्रकाशन किया गया है। चतुर्थ चरण तक केन्द्र द्वारा 34 कार्यक्रम एवं 3 संकाय अनुबोधन कार्यक्रमो का सफल आयोजन किया जा चुका है जिनके माध्यम से कुल 2023 प्रतिभागी लाभान्वित हुए है। पंचम चरण के सभी कार्यक्रमो का संचालन माननीय कुलपति महोदय के संरक्षण में किया जायेगा।**

## सन्दर्भ:

कोरोना महामारी प्रकोप के बीच में वर्तमान वैश्विक शैक्षिक जगत ऑनलाइन शिक्षण एवं अधिगम से जूझ रहा है। शिक्षण की इस शैली में समकालिक या असमकालिक तरीकों से अध्यापक अपने छात्रों से सम्प्रेषण एवं अधिगम सामग्री साझा करता है। इस परिप्रेक्ष्य में छात्रों को कार्य में व्यस्त रखने के लिये वीडियो एक शक्तिशाली ई-संसाधन के रूप में उभर रहा है विशेषकर अर्जित ज्ञान एवं कौशल के अनुप्रयोग, पाठ्यवस्तु की पुनरावृत्ति और प्रबलन प्रदान करने के प्रचुर अवसर प्रदान करने में । इसके अलावा वीडियो का एक विशेष महत्त्व है जब इनका निर्माण पाठ्यक्रम आधारित पाठ्यवस्तु पर छात्रों के अधिगम आवश्यकता, स्तर और शैली अनुरूप किया जाता है। ये दूरस्थ अधिगम के अवसरों को सुगम बनाते है क्योंकि ये 'कभी भी' और 'कही से भी' अभिगम्य होते है। इसके साथ इनमें ऑफलाइन और ऑनलाइन शिक्षण एवं अधिगम के मध्य उत्पन्न रिक्तता को जोड़ने की ही नहीं अपितु ऑनलाइन शिक्षण एवं अधिगम की गुणवत्ता को भी संवर्द्धित करने की अपार क्षमता होती हैं। अतः विभिन्न सॉफ्टवेयर्स एवं टूल्स के प्रयोग द्वारा वीडियो निर्माण एवं सम्पादन हेतु कुशलताओं की अत्यन्त आवश्यकता अनुभूत होती है । इस सन्दर्भ में त्रिदिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन विशेषकर शिक्षकों के लिये इस आशय से किया जा रहा है जिससे उनके विभिन्न सॉफ्टवेयर्स एवं टूल्स के प्रयोग द्वारा उनके वीडियो निर्माण एवं सम्पादन कौशलों का संवर्द्धन किया जा सके।

## उद्देश्य:

इस कार्यशाला के उद्देश्य है-

- विभिन्न वीडियो निर्माण एवं सम्पादन एवं सॉफ्टवेयर्स से परिचित कराना।
- वीडियो निर्माण एवं सम्पादन प्रक्रिया तथा विभिन्न तरीकों में अंतर्दृष्टि प्रदान करना।
- वीडियो निर्माण एवं सम्पादन सम्बन्धित कौशलों तथा कुशलताओं का संवर्द्धन करना।

## लक्ष्य समूह:

- सभी विषयों के उच्च शिक्षा संकाय सदस्य लेकिन भाषा एवं परम्परागत विषयों जैसे व्याकरण, वास्तुशास्त्र, दर्शन, साहित्य, धर्मशास्त्र, ज्योतिष आदि को प्राथमिकता।
- परम्परागत एवं आधुनिक विश्वविद्यालयों दोनों से अध्यापक शिक्षक।
- केवल संस्कृत शिक्षक TGT तथा PGT

## पंजीकरण:

इस कार्यशाला के लिये **पंजीकरण शुल्क ₹300/- (अप्रतिदेय)** है। इच्छुक प्रतिभागी इस लिंक https://forms.eduqfix.com/slbsnsuform/home द्वारा **16 मई, 2021 को रात 10 बजे तक** ऑनलाइन पंजीकृत कर सकते हैं। अधिकतम प्रवेश क्षमता तक पंजीकरण पहुँचने की स्थिति में यह लिंक अंतिम तिथि से पहले बंद कर दिया जायेगा। कार्यशाला की **प्रवेश क्षमता 100** है और पंजीकरण **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

### सक्रिय प्रतिभाग हेतु अपेक्षित सामग्री : -

1. लैपटॉप/ कैमरा एवं माइक्रोफोन के साथ कंप्यूटर/स्मार्टफ़ोन।
2. कार्यशाला के समय उत्तम इन्टरनेट कनेक्टिविटी कम से कम 5 जीबी डाटा प्रतिदिन।

## महत्त्वपूर्ण सूचना

ऑनलाइन प्लेटफार्म:
गूगल मीट

- ✓ प्रतिभाग हेतु ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है।
- ✓ पंजीकरण प्रपत्र में कृपया अपना **वैध ईमेल एवं Whatsapp नंबर** प्रदान करें क्योंकि कार्यशाला सम्बन्धित सभी सम्प्रेषण इन्हीं के द्वारा किये जाएंगे।
- ✓ इस कार्यशाला में प्रतिभाग/ पूर्णता (निष्पादन आधारित ग्रेड) का ई-प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

**समन्वयक एवं संयोजक** — प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज, निदेशक

**सह-संयोजक** — डॉ. पिंकी मलिक

**कार्यक्रम सुगमकर्ता** — श्री सुरेन्द्र नागर, श्री ज्ञान चन्द शर्मा, श्री राकेश काण्डपाल, श्री अक्षत डबराल, एवं श्री सचिन कुमार।

संरक्षक
**प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय**
कुलपति

आयोजक
# शिक्षण अधिगम केन्द्र

**पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार**

## श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
अन्य जानकारी हेतु-
सम्पर्क सूत्र -9891777666, 9716692396, 8285513959
ई-मेल: tlc@slbsrsv.ac.in वेबसाइट: www.slbsrsv.ac.in